कोटे डी आइवर के राष्ट्रपति द्वारा स्वागत भाषण के प्रत्युत्तर में भारत के राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी का अभिभाषण

अबिदजान : 14.06.2016

1. मेरे लिए आपके सुंदर देश में भारत के किसी प्रमुख द्वारा पहली राजकीय यात्रा करना सचमुच बड़ा सम्मानजनक है। मुझे और मेरे प्रतिनिधिमंडल को आपके द्वारा दिए गए हार्दिक स्वागत और हमारे पहुंचने के बाद दिए गए आतिथ्य कौशल से मैं बहुत प्रसन्न हुआ हूं।

2. महामहिम, आपके द्वारा मुझे आइवर कोस्ट गणराज्य के राष्ट्रीय आदेश प्रदान करने के भाव से मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरे लिए यह हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच लंबे समय से चली आ रही परस्पर मैत्री का प्रतीक है।

3. सही तौर पर यह विश्वास किया जाता है कि भारत और आइवरी कोस्ट के बीच परस्पर सौहार्द हमें पृथक करती हुई भौगोलिक दूरी के व्युत्क्रमानुपात में है- हमारे लंबे समय से चली आ रही मैत्री और सफल सहयोग में इसे अप्रासंगिक बना दिया है।

4. भारत ने भारत के राष्ट्रपिता के रूप में प्रसिद्ध महात्मा गांधी, के नाम पर अबिदजान में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क का नाम रखे जाने की सराहना की है। वह भारत और अफ्रीका के सच्चे सपूत थे। दक्षिण अफ्रीका में अपने आरंभिक संघर्ष के दौरान उन्होंने यातनापूर्ण उपनिवेशी शासन और शोषण से मुक्ति के लिए एक हथियार के रूप में अहिंसा और

सत्याग्रह के सिद्धांतों का समर्थन किया। इन सिद्धांतों ने बाद में स्वतंत्र भारत के 1950 और 1960 में अफ्रीका से उपनिवेशवाद हटाने का समर्थन किया। यह रंगभेद विरोधी आंदोलन में भारत की एकजुटता के मूल में भी निहित था।

5. अफ्रीका में हमारे भाई राष्ट्रों के विकास के लिए विकासात्मक सहायता द्वारा दक्षिण-दक्षिण सहयोग के रूप में और हमारे संसाधन साझा करने में हमारी प्रतिबद्धता निरंतर बनी हुई है।

6. महामहिम आइवर कोस्ट को आपके गतिशील नेतृत्व के लिए धन्यवाद जो समग्र दक्षिण अफ्रीका क्षेत्र के लिए विकास के आर्थिक प्रगति के इंजन के रूप में परिवर्तित हुई। मैं इस अवसर पर आपके देश में शांति और स्थिरता लाने के आपके अथक प्रयासों के लिए आपकी सराहना करता हूं।

7. भारत आर्थिक विकास और संवर्धन में आइवर कोस्ट की सहायता में सदैव सक्रिय रूप से भागीदार रहेगा। हमारे लोगों के लाभ के लिए वर्षों से एक साथ कार्य करते हुए हमारी दोनों सरकारों ने हमारे द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक सफल फ्रेमवर्क तैयार किया है।

8. वर्षों से हमने हमारे साझे मूल्यों और सहक्रियाओं के आधार पर विश्वास और परस्पर समझ का एक अपूर्व संबंध कायम किया है। हाल ही के वर्षों में हमारी साझेदारी निरंतर बहुपक्षीय, गतिशील और प्रोत्साहनवर्द्धक हुई है।

9. हमारा द्विपक्षीय व्यापार निरंतर बढ़ रहा है और इसके आगामी कुछेक वर्षों में इसके एक करोड़ अमरीकी डॉलर होने की उम्मीद है। सामान्य हितों के अनेक क्षेत्रों में हमारी वृहत अभिसारिता और हमारी अर्थव्यवस्था को देखते हुए हम दोनों इस बात से सहमत हैं कि हमारे व्यापार और निवेश और आर्थिक सहयोग में सचमुच अपार क्षमता है जिसका पूर्ण रूप से दोहन किया जाना प्रतीक्षित है।

10. महामहिम, आपका देश उर्वरक, मृदा और पर्याप्त कृषि और खनिज संसाधनों से समृद्ध है। हमारे सार्वजनिक और निजी क्षेत्र इन संसाधनों का प्रभावकारी रूप से पता लगाने और कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना करने के लिए आपके साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं।

11. हम आपकी सरकार के साथ अवसंरचना के विकास में जुड़ने से प्रसन्न होंगे जिसकी आपकी संवर्धनशील अर्थव्यवस्था के अलग-अलग क्षेत्रों में आपको चाहिए। इस समय जब हमारे दोनों देश तीव्र विकास के पथ पर अग्रसर हैं, हमारे समक्ष अनंत अवसर हैं जिनका लाभ उठाया जाना चाहिए।

12. हम दोनों देश और भी कई सामान्यतओं के साझेदार हैं। हम दोनों ने ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। हमारे दोनों देश क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों में सक्रिय भागीदार हैं और हमने साझे हितों और चिंताओं के विषयों पर निकट सहयोग से कार्य किया है।

13. हम दोनों संयुक्त राष्ट्र प्रणाली और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को सशक्त करने की आवश्यकता को पहचानते हैं। हम उन्हें उन्नत रूप में देखना चाहते हैं ताकि वे आज के विश्व द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों के निपटान में प्रभावी रहें। इस संदर्भ में भारत संयुक्त राष्ट्र, विशेष रूप से सुरक्षा परिषद के विशिष्ट घटक में बड़ी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार है।

14. आइवरी कोस्ट और भारत दोनों ही अंतराष्ट्रीय आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सामान्य रूप से चिंतित हैं। हम इस पर और अन्य प्रमुख मसलों पर क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों में उनके साथ निकटता से सहयोग कर रहे हैं जिसमें नि:शस्त्रीकरण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास शामिल है।

15. आगे बढ़ते हुए, जब हम हमारे द्विपक्षीय वार्ताओं का अनुकरण करेंगे और हमारे निर्णयों को कार्यान्वित करेंगे, मुझे विश्वास है कि हम एक दूसरे के लिए और अधिक द्वार खोल सकते हैं और ठोस व्यापार, आर्थिक और राजनीतिक साझेदारी स्थापित कर सकते हैं जो आज हमारी परिकल्पना है।

16. महामहिम, इन शब्दों के साथ इस यात्रा के लिए व्यापक प्रबंध करने और शानदार राजभोज आयोजित करने के लिए आपका और आपकी सरकार का धन्यवाद करता हूं।

17. मैं इस अवसर पर आप महामहिम को आपकी सुविधानुसार भारत आने का हार्दिक निमंत्रण दोहराता हूं। मैं नई दिल्ली में आपके स्वागत की उम्मीद करता हूं।

देवियो और सज्जनो

आइए हम सब मिलकर कामना करें:

- महामहिम राष्ट्रपति अल्लासाने पौत्रा, आइवर कोस्ट गणराज्य के राष्ट्रपति के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए

- आइवर कोस्ट की जनता की निरंतर सफलता, प्रगति और समृद्धि के लिए और

- भारत गणराज्य और आइवर कोस्ट की जनता के बीच मित्रता बनाए रखने के लिए।

धन्यवाद।